SAMPLE PAPER

Class VII

Subject Social Science

Time: 2Hrs. 30 Min M.M 50

सामान्य निर्देश–

1. यह प्रश्न पत्र कुल पाँच खण्डों में विभाजित है।
2. प्रश्न पत्र में कुल 20 प्रश्न हैं।
3. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
4. कुछ प्रश्नों में आंतरिक विकल्प दिए गए हैं। उनमें से किसी एक को निर्देशानुसार हल करें।
5. प्रत्येक प्रश्न के अंक उसके सामने अंकित किए गए हैं।
6. खण्ड 'क', प्रश्न संख्या 1 से 6 तक प्रत्येक 1 अंक के हैं।
7. खण्ड 'ख', प्रश्न संख्या 7 से 11 तक प्रत्येक 2 अंक के हैं।
8. खण्ड 'ग', प्रश्न संख्या 12 से 17 तक प्रत्येक 3 अंक के हैं।
9. खण्ड 'घ', प्रश्न संख्या 18 एवं 19, प्रत्येक 5 अंक के हैं।
10. खण्ड 'ड़', प्रश्न संख्या 20 मानचित्र आधारित प्रश्न है। इसके दो भाग (A) और (B) है। यह कुल 6 अंकों का है। मानचित्र को उत्तर पुस्तिका के साथ बांधें।
11. मानचित्र आधारित प्रश्न संख्या 20 के स्थान पर दृष्टिबाधित विद्यार्थियों के लिए अलग से प्रश्न दिए गए हैं।

General Instructions:-

1. This question paper is divided into five sections.
2. There are total 20 questions in this question paper.
3. All questions are compulsory.
4. There is internal choice in some of the questions. Attempt only one of them as per the direction.
5. Marks are indicated against each question.
6. Section A, questions 1 to 6 are of 1 mark each.
7. Section B, questions 7 to 11 are of 2 marks each.
8. Section C, questions 12 to 17 are of 3 marks each.
9. Section D, questions 18 and 19 are of 5 marks each.
10. Section E, question number 20 is a map based question which has two parts (A) and (B). It is of total 6 marks. Map should be tied with the answer sheet only.
11. There are separate questions in lieu of question no 20 for visually impaired students.

(खण्ड क Section A)

प्र.1 शासन चलाने में विपक्ष के नेता की क्या भूमिका होती है? 1

What is the role of leader of opposition to run Government?

प्र.2 निम्नलिखित में से कौन 15वीं – 16वीं शताब्दी में भारत के प्रमुख संत रहें हैं? 1

क. बुद्ध ख. महावीर ग. बाबा गुरू नानक घ. इनमे से कोई नहीं

Who among the following has been a famous saint of India in fifteenth – sixteenth century?

a. Buddha b. Mahavir c. Baba Guru Nanak d. None of these

प्र.3 सरकार नें देश में अनेक आँगनवाड़ी केंद्र और बालवाड़ी (क्रेश) खोले हैं। आपके विचार में यह समाज से लिंग आधारित भेदभाव को समाप्त करने में क्यों सहायक है? 1

The government has set up several Anganwadis and Chreches in the country. Why do you think that it may help in eradicating gender based discrimination from the society?

प्र.4 निम्नलिखित कथन को सही करके लिखिए। 1

सुलह–कुल की नीति अबुल फजल द्वारा चलाई गई।

Correct the following statement.

The policy of Sulh-E Kul run by Abul Fazal.

प्र.5 ओजोन परत हमारे लिए महत्त्वपूर्ण क्यों है? 1

Why is ozone layer important for us?

प्र.6 उच्च ज्वार मछली पकड़ने के लिए किस प्रकार सहायक होता है? 1

How do high tides helpful in fishing?

(खण्ड ख Section B)

प्र. 7 निम्नलिखित का मिलान कीजिए। 2

क	ख
पृथ्वी की सतह पर वायु का दाब	पवन
उच्च दाब क्षेत्र से निम्न दाब क्षेत्र में वायु की गति	सुनामी
	वायुदाब

Match the following Statements.

A	B
The air Pressure on the Earth Surface	Wind
The movement of air from high pressure area to low pressure area	Tsunami
	Air Pressure

प्र.8 बॉक्स में दिए गए शब्दों की सहायता से रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए। 2

बाबर, जहाँगीर, हुमायुँ, औरंगजेब

a) अकबर के पिता ..... थे।

b) मुगल साम्राज्य की स्थापना ..... ने की।

Fill in the blanks with the help of Box.

Babur, Jahangir, Humayun, Aurangzeb

a) …….. was Akbar's father.

b) Mughal dynasty was founded by ……. .

प्र.9 अपने आस–पास के किसी एक उदाहरण के माध्यम से बताइए कि आज महिलाएँ किस प्रकार लैंगिक विभाजन को चुनौती दे रही हैं? 2

How do women challenge the gender discrimination? Explain it with any one example around you?

प्र.10 एक काल्पनिक राज्य की विधानसभा की स्थिति नीचे दी गई हैं। इसे ध्यान से पढ़िए और निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

क	ख
स्वाभिमान पार्टी	110
भूमिहीन पार्टी	02
राष्ट्रीय कांग्रेस	119
संघीय पार्टी	01
निर्दलीय	04
कुल	236

a) बहुमत के लिए कितने सदस्यों की आवश्यकता है? 1

b) दूसरा सबसे बड़ा राजनीतिक दल कौन –सा है? 1

Results of the Assembly Elections in an imaginary state are as follows. Study it carefully and answer the following.

A	B
Swabhiman Party	110
Bhumiheen Party	02
Rashtriya Party	119
Sanghiya Party	01
Independent	04
Total	236

a) How many seats requires for Majority?

b) Which is the second largest Political Party?

प्र. 11 निम्नलिखित अनुच्छेद को पढ़कर दिए गए प्रश्नों का उत्तर दीजिए–

कार्बन डाई–ऑक्साइड वायुमंडल में फैल कर पृथ्वी से विकरित ऊष्मा को पृथ्वी पर रोककर ग्रीन हाउस प्रभाव पैदा करती है। इसलिए इसे ग्रीन हाउस गैस भी कहते है। और इसके अभाव में धरती इतनी ठंडी हो जाती कि इस पर रहना असंभव होता।

a) ग्रीन हाऊस गैस किसे कहते है? 1
b) ग्रीन हाऊस गैस के अभाव में क्या होगा? 1

Read the following passage and answer the following questions.

Carbon dioxide released in the atmosphere creates a greenhouse effect by trapping the heat radiated from the earth. It is therefore called a greenhouse gas and without it the earth would have been too cold to live in.

a) What is greenhouse gas?
b) What will happen if there is no greenhouse gas?

(खण्ड ग Section C)

प्र.12 बताइए निम्नलिखित कथन सत्य है अथवा असत्य। 3

a) समाज में महिलाओं के साथ भेदभाव होता है।
b) भारतीय संविधान लिंगभेद को बढ़ावा देता है।
c) भारत में घरेलू कार्य को समान महत्व दिया जाता है।

State whether the following statements are True or False.

a) There is discrimination against women in the society.
b) The constitution of India promotes gender discrimination.
c) The household works are given equal importance in India.

प्र.13 निम्नलिखित में से किसी एक संत के विषय में संक्षिप्त लेख लिखिए। 3

a) गुरू नानक देव
b) कबीर
c) मीरा

Write a Brief note any one of the following saints.

a) Guru Nanak Dev
b) Kabir
c) Meera

प्र.14 विधायक कौन होता है? अपने क्षेत्र में विधायक द्वारा करवाए जाने वाले किन्हीं दो प्रमुख कार्यों का वर्णन कीजिए। 3

Who is an MLA? Mention any two works that are being done by the MLA in your area.

प्र. 15 निम्नलिखित अनुच्छेद को पढ़कर दिए गए प्रश्नों का उत्तर दीजिए–

क्या आप जानते है कि चाँद पर वायु नहीं है, अतएव वहाँ वायु दाब भी नहीं है। अंतरिक्ष यात्री जब चाँद पर जाते है, तो वे विशेष रूप से सुरक्षित हवा से भरी हुई अंतरिक्ष पोशाक पहनते हैं। यदि वे इस अंतरिक्ष पोशाक न पहनें तो अंतरिक्ष यात्रियों के शरीर द्वारा विपरीत बल लगने के कारण उनकी रक्त शिराएँ फट सकती है। जिससे अंतरिक्ष यात्री रक्तस्त्रावित हो सकते है।

a) अंतरिक्ष यात्री यदि अंतरिक्ष पोशाक न पहने तों क्या होगा? 2
b) क्या चाँद पर वायु दाब हैं? 1

Read the following passage and answer the following questions.

On the moon there is no air and hence no air pressure. Astronauts have to wear special protective space suits filled with air when they go to the moon. If they did not wear these suits, the counter pressure exerted by the body of the astronauts would make the blood vessels burst. The astronauts would bleed.

a) What will happen if astronauts do not wear space suits?
b) Is there air pressure on the moon?

प्र. 16 निम्नलिखित अनुच्छेद को पढ़कर दिए गए प्रश्नों का उत्तर दीजिए–

मेहरून्निसा ने 1611 में जहाँगीर से विवाह किया और उसे नूरजहाँ का खिताब मिला। नूरजहाँ हमेशा जहाँगीर के प्रति अत्यधिक वफ़ादार रही और उसकी समय – समय पर सहयोग देती रही। नूरजहाँ के सम्मान में जहाँगीर ने चाँदी के सिक्के जारी किए, जिनमें एक ओर उसके स्वयं के खिताब उत्कीर्ण थे और दूसरी ओर यह वाक्यः 'रानी बेगम नूरजहाँ के नाम से गढ़ा हुआ'।

a) नूरजहाँ का असली नाम क्या था? 1
b) चाँदी के सिक्के किसके सम्मान में लागू किए गए? 1
c) जहाँगीर ने मेहरून्निसा से विवाह कब किया? 1

Read the following passage and answer the following questions

Mehrunniasa married the Emperor Jahangir in 1611 and received the title Nur Jahan. She remained extremely loyal and supportive to the monarch. As a mark of honour, Jahangir struck silver coins bearing his own titles on one side and on the other the inscription "struck in the name of the Queen Begum, Nur Jahan".

a) What was the real name of Nur Jahan?
b) In whose honour, silver coins were struck/ issued?
c) When Jahangir married Mehrunnisa?

प्र.17 निम्नलिखित अनुच्छेद को पढ़कर दिए गए प्रश्नों का उत्तर दीजिए–

चुनाव के बाद सत्ताधारी दल के विधायक अपने नेता का चुनाव करते है, जो मुख्यमंत्री बनता है। इसके बाद मुख्यमंत्री, मंत्रियों का चयन करता है। चुनाव के बाद राज्य का राज्यपाल मुख्यमंत्री और अन्य मंत्रियों की नियुक्ति करता है। मुख्यमंत्री तथा अन्य मंत्रियों का यह दायित्व है कि वे शासन के विभिन्न विभागों या मंत्रालयों को

चलाएँ।उनके अलग – अलग कार्यालय होते हैं। विधानसभा ऐसा स्थान होता है जहाँ सभी विधायक, चाहे वे सत्ताधारी दल के हों अथवा विरोधी दल के, विभिन्न विषयों पर चर्चा करने के लिए एकत्रित होते है। इस तरह कुछ विधायाके की दोहरी जिम्मेदारी हो जाती है – एक विधायक के रूप में और दूसरी मंत्री के रूप में।

a) सत्ताधारी दल के नेता किस नाम से जाने जाते है? 1

b) विधानसभा में क्या होता है? 1

c) मुख्यमंत्री और अन्य मंत्रियों की नियुक्ति कौन करता है? 1

Read the following passage and answer the following questions.

After the elections, the MLAs belonging to the ruling party will elect their leader who will become the chief minister. The Chief minister then selects other people as ministers. After the elections, it is the Governor of the state who appoints the chief minister and other ministers.The chief minister and the other minister have the responsibility of running various government departments or ministries. They have separate offices. A legislative Assembly is a place where all the MLAs. Whether from the ruling party or from the opposition meet to discuss various things. Hence, some MLAs have dual responsibilities: one as MLA and the other as a minister.

a) By what name, the leader of the ruling party known as?
b) What happens at the legislature Assembly?
c) Who appoints the Chief minister and other ministers?

(खण्ड घ Section D)

प्र.18 निम्नलिखित अनुच्छेद को पढ़कर दिए गए प्रश्नों का उत्तर दीजिए–

सोलहवीं शताब्दी में बाबा गुरू नानक के उत्तराधिकारियों के नेतृत्व में उनके अनुयायियों की संख्या का विस्तार हुआ। ये अनुयायी कई जातियों के थे, परंतु इनमें व्यापारी, कृषक और शिल्पकार ज़्यादा थे। इसकी वजह यह हो सकती है कि बाबा गुरू नानक इस बात पर बल दिया करते थे कि उनके अनुयायी गृहस्थ हों और उपयोगी व उत्पादक पेशों से जुड़े हों। अनुयायियों से यह आशा भी की जाती थी कि वे नए समुदाय के सामान्य कोष में योगदान देंगें। सत्रहवीं शताब्दी के प्रारंभ से केंद्रीय गुरूदारा हरमंदर साहब (स्वर्ण मंदिर) के आस–पास रामदासपुर शहर (अमृतसर) विकसित होने लगा था। प्रशासन में यह वस्तुतः स्वायत था आधुनिक इतिहासकार इस युग के सिक्ख समुदाय को 'राज्य के अंतर्गत राज्य' मानता था। उसने 1606 में गुरू अर्जन को मृत्युदण्ड देने का आदेश दिया। सत्रहवीं शताब्दी में सिक्ख आंदोलन का राजनीतिकरण शुरू हो गया, जिसका दूरगामी परिणाम यह हुआ कि 1699 में गुरू गोबिंद सिंह ने खालसा की संस्था का निर्माण किया। 'खालसा पंथ' के नाम से जाना जाने वाला सिक्ख समुदाय अब एक राजनैतिक सत्ता बन गया।

a) गुरू नानक किस बात पर बल देते थे? 1

b) गुरूद्वारा हरमंदर साहब के आस – पास कौन सा शहर विकसित किया गया? 1

c) अनुयायियों से क्या अपेक्षा की जाती थी? 1

d) खालसा पंथ की स्थापना कब की हुई? 1

e) मुगल सम्राट ने किस गुरू का फांसी की सजा दी? 1

Read the following passage and answer the following questions.

The number of Baba Guru Nanak's followers increased through the sixteenth century under his successors. They belonged to a number of castes but traders, agruculturists, artisans and craftsmen predominated. This may have something to do with Baba Guru Nanak's insistence that his followers must be householders and should adopt productive and useful occupations. They were also expected to contribute to the general funds of the community of followers. By the beginning of the seventeenth century the town of Ramsaspur (Amritsar) had developed around the central Gurdeara called Harmandar Sahib (Golden Temple). It was virtually self-governing and modern historians refer to the early- seventeenth- century Sikh community as 'a state within the state.' The Mughal emperor Jahangir looked upon them as a potential threat and he ordered the execution of Guru Arjan in 1606. The Sikh movement began to get politicised in the seventeenth century, a development which culminated in the institution of the Khalsa by Guru Gobind Singh in 1699. The community of the Sikhs, called the Khalsa Panth, bcame a political entity.

a) What was the insisted by Guru Nanak?
b) Which city developed around Gurdwara Harmandar Sahib?
c) What was the expected from the followers?
d) When was the Khalsa Panth established?
e) Who was executed by the Mughal Empire?

प्र. 19 निम्नलिखित शब्दों पर संक्षेप में टिप्पणी कीजिए। 5

a) क्षोभमण्डल
b) वायुदाब
c) पवन

अथवा

पवन क्या है? पवन के विभिन्न प्रकारों के बारे में लिखिए।

Write a short note on the following.

a) Troposphere
b) Air Pressure
c) Wind

OR

What is Wind? Mention the different kinds of wind?

(खण्ड ड़ Section E)

मानचित्र कार्य

20.A. भारत के राजनीतिक मानचित्र में A,B और C तीन बिंदुओं अंकित किए गए हैं। इन बिंदुओं को बॉक्स में दिए गए स्थानों की सहायता से पहचानिए और उनके सही नाम मानचित्र पर खीचीं गयी रेखाओं पर लिखिए।

1x3 = 3

बंगाल, मालवा, दिल्ली, बरार, चित्तौड़

20.B. विश्व के रेखा मानचित्र में तीन महासागर अंकित हैं। बॉक्स में दिए गए महासागरों के नाम की सहायता से इन्हें पहचानिए और उनके सही नाम मानचित्र पर खीचीं गयी रेखाओं पर लिखिए।

1X3 =3

उत्तरी अटलांटिक महासागर, प्रशांत महासागर, दक्षिणी अटलांटिक महासागर

20.A Three places A,B and C are marked on the outline political map of India, identify these places with the help of the box and write their correct names on the lines marked near them:

Bengal,Malwa, Delhi, Berar, Chittor

20.B Three oceans A,B and C are marked on the outline map of the world. Identify these oceans with help of the names given in the box and write their correct names on the line drawn on the map.

North Atlantic Ocean, Pacific Ocean, South Atlantic Ocean

निम्नलिखित प्रश्न प्रश्न संख्या 20 के स्थान पर केवल **दृष्टिबाधित विद्यार्थियों** के लिए है।

a) मुगल साम्राज्य की स्थापना किसने की थी?
b) वायुमण्डल की सबसे महत्वपूर्ण परत का नाम लिखिए ।
c) कबीर किसके भक्त थे?
d) ज्वार – भाटा से आप क्या समझते है?
e) राजस्थान की एक महिला संत का नाम लिखिए।
f) आईने अकबरी किसने लिखी?

Following questions are only for **visually impaired students** in lieu of question no 20.

a) Who were Mughals?
b) Name the most important layer of atmosphere?
c) Kabir was the devotee of which deities?
d) What do you mean by tides?
e) Mention a female saint of Rajasthan.
f) Who wrote the Ain I Akbari?



1. Based upon Survey of India Map with the permission of the Surveyor General of India
2. The territorial waters of India extend into the sea to a distance of twelve nautical miles measured from the appropriate baseline.
3. The interstate boundaries between Uttar Pradesh & Uttarakhand, Bihar & Jharkhand , Madhya Pradesh & Chhattisgarh have not been verified by the Governments concerned.
4. The boundary of Meghalaya shown on this map is as interpreted from the North-Eastern Areas (Reorganisation) Act, 1971, but has yet to be verified.
5. The External Boundary and coast-line of India shown on this map agree with the Record / Master copy certified by the Survey of India, Dehra Dun.
6. The administrative Headquarters of Chandigarh, Haryana and Punjab are at Chandigarh. (Letter No.T.B. 991/62-A-3/213 Dated 5/5/2003)

© Government of India Copyright, 2017.

Publishers :-
INDIAN BOOK DEPOT (MAP HOUSE)®
2937, Bahadurgarh Road,Delhi-110006.
E-mail: info@ibdmaphouse.com
Delhi-6
Amrit offset
Price :- ₹ 1 - 00

Q. No. 20(B)

VI(P) (S.P)

WORLD - PHYSICAL

संसार-प्राकृतिक



1. Based upon Survey of India map with the permission of the Surveyor General of India.
2. The territorial waters of India extend into the sea to a distance of twelve nautical miles measured from the appropriate baseline.
3. The External Boundary and coast-line of India shown on this map agree with the Record / Master Copy certified by the Survey of India, Dehra Dun Vide Letter No. T.B. 409/62-A-3/213 Dated 13/3/2003.

© Government of India Copyright, 2008.

Publishers:-
INDIAN BOOK DEPOT (MAP HOUSE)®
2937, Bahadurgarh Road, Delhi-110006. Delhi-6

Printed by: Prakash Offset Printers

Price:- Re. 1-00